हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
28.09.2018

डिफेंस कॉरिडोर का पार्टनर बनेगा आईआईटी बीएचयू

मिली जिम्मेदारी

वाराणसी | निज संवाददाता

प्रदेश में बनने वाले डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में आईआईटी बीएचयू नॉलेज पार्टनर बनेगा। परियोजना के बारे में जानकारी और सहयोग देने के लिए आईआईटी बीएचयू को 15 करोड़ रूपये मिलेंगे।

लखनऊ में बीते मंगलवार शास्त्री भवन में मुख्यमंत्री की ओर से परियोजना की प्रगति समीक्षा के दौरान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने परियोजना में संस्थान की भागीदारी कैसे हो इस पर प्रस्तुति दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को पांच प्रमुख बिन्दुओं पर जानकारी दी जिसमें स्मार्ट और सेंसर मैटेरियल्स, कंपोजिट, धातु और मिश्रित धातु, नवीन पद्धतियों और तकनीकों, सुरक्षा व खतरों की जांच और रक्षा वास्तु कला, मशीनिंग और असेंबली प्रीसीशन इंजीनियरिंग पर प्रमुख रूप से चर्चा हुई। परियोजना के लिए अलीगढ़, आगरा, झांसी, चित्रकूट, कानपुर और जालौन में भूमि चिन्हित कर ली गई है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर पीके जैन ने बताया कि आईआईटी बीएचयू डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के लिए उत्कृष्टकता का केंद्र बने, इसके लिए अन्य संस्थानों का सहयोग लिया जाएगा।

आईआईटी बीएचयू के मैदान पर लगीं लाइट्स

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू जिमखाना के हॉकी ग्राउंड पर अब रात में भी मैच होगा। गुरुवार को निदेशक प्रो. पीके जैन ने हॉकी ग्राउंड की लाइट्स का उद्घाटन किया। आईआईटी बीएचयू के गेम्स एंड स्पोर्ट्स काउंसिल एलुमनी और डीन प्रो. बीएन राय के प्रयास से स्थित हॉकी ग्राउंड पर लाइट्स की स्थापना हुई।